# University in News on 31 October 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## रैंकिंग बेहतरी के गुर सीखने चंडीगढ़ जाएगी उपक्रम की टीम

### डायरेक्टर जनरल समेत 10 सदस्यीय टीम लेगी प्रशिक्षण, एक से तीन नवंबर तक होगा कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** प्रदेश के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की विभिन्न रैंकिंग में स्थिति सुधारने और प्रेरित करने के लिए लखनऊ विवि में स्थापित उत्तर प्रदेश सेंटर फॉर रैंकिंग एंड एक्रीडिटेशन मेंटरशिप केंद्र (उपक्रम) की टीम के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डायरेक्टर जनरल के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम तीन दिन वहां पर रैंकिंगों में सुधार से संबंधित जानकारी लेगी।

नैक, एनआईआरएफ, क्यूएस आदि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को स्थान बनाने व उन्हें इसके लिए तैयार करने के उद्देश्य से पिछले दिनों प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ एक एमओयू हुआ था। लविवि में उपक्रम का विधिवत उद्घाटन राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने किया था। इसके बाद उपक्रम की 10 सदस्यीय टीम का गठन किया गया।

#### ये लोग हैं टीम में शामिल

लविवि की प्रो. पूनम टंडन (डायरेक्टर जनरल), कानपुर विवि के प्रो. सुधांशु पांड्या, एमएमटीयू के प्रो. वीएल गोयल, कानपुर विवि के प्रो. मृदुल के गुप्ता, पीजीआई के प्रो. आर हर्षवर्धन, लविवि के प्रो. सत्येंद्र पाल सिंह, केजीएमयू के डॉ. आरके गर्ग, लविवि की प्रो. संगीता साहू, एकेटीयू से संबद्ध प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की डॉ. अंकिता राज व लविवि के डॉ. अभिज्ञान मिश्र शामिल हैं।

अब डायरेक्टर जनरल व लविवि की डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में विशेष प्रशिक्षण लेगी।

प्रो. टंडन ने बताया कि एक से तीन नवंबर तक होने वाली ट्रेनिंग में रैंकिंग से जुड़ी विशेष जानकारियां सदस्यों को दी जाएंगी। वहां से लौटकर प्रदेश के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों से डाटा लेकर उनकी रैंकिंग सुधारने के लिए काम शुरू किया जाएगा। हमारे विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में काफी ऊर्जा व संसाधन है, बस उसके बेहतर प्रयोग व डाटा को सही ढंग से प्रस्तुत करने की जरूरत है। हम इस दिशा में पूरा प्रयास करेंगे। बता दें कि हाल ही में नैक में लविवि के बाद सहयुक्त कॉलेज शिया पीजी कॉलेज ने भी लविवि की मेंटरशिप में नैक में ए ग्रेडिंग प्राप्त की है।

i-NEXT PAGE 4

## इसी सप्ताह शुरू होंगे पीएचडी में एडमिशन

**प्रवेश परीक्षा और इंटरव्यू की प्रक्रिया पहले ही हो चुकी है पूरी**

**LUCKNOW (30 OCT):** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 के फुल टाइम और पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले इसी सप्ताह से शुरू हो जाएंगे. प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार की प्रक्रिया हो चुकी है. जल्द ही परिणाम जारी करने के बाद फीस जमा करने का मौका दिया जाएगा.

### प्रवेश परीक्षा हो चुकी है

एलयू ने डिग्री कालेजों के शिक्षकों को भी पीएचडी कराने का मौका दिया है. सत्र 2021-22 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा छह और सात सितंबर को हुई थी. उसके बाद अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर 10 से 22 अक्टूबर तक साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की गई.

**सीटों में होगा बदलाव**

सत्र 2021-22 के पीएचडी दाखिले के लिए करीब 1296 पदों का विषयवार विवरण जारी किया गया था. इनमें कालेजों की भी सीटें शामिल हैं. विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुछ विभागों की विभागीय शोध समिति की ओर से सीटों की सही संख्या नहीं भेजी गई थी. इसलिए उनसे फिर से सीटों का विवरण मंगवाया गया था. अब विवरण आ गया है. जल्द ही सीटों की विषयवार संख्या भी जारी की जाएगी, जिससे यह पता चल सकेगा कि किस विषय में कितनी सीटें तय हुई हैं.

THE PIONEER PAGE 4

## LU's psychology dept to counsel hostellers

**Lucknow (PNS):** The psychology department of Lucknow University will soon be starting the counselling of hostel students. According to the director of the Counselling and Guidance Cell and Happy Thinking Lab at LU, Madhurima Prasad, the students have various problems. "We have carried out a pilot study on the issues at the Lucknow University hostels. These issues will be discussed at the workshop. It will be an interactive workshop and it will be held shortly," she said. She pointed out that they had recently organised a three-day workshop on behaviour technology to manage internet addiction.

"Our guest Prof Ganesan said that like an engineer modifies machinery, a behaviour technologist modifies one's behaviour. Also, information was shared about the internet addiction through cognitive behaviour modification and various cases were shared and examples were given of the current scenario and how we can help ourselves and our near and dear ones overcome any sort of addiction," she said.

## लखनऊ विवि में पीएचडी के दाखिले इसी सप्ताह से

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में पीएचडी सत्र 2021-22 की प्रवेश प्रक्रिया इस सप्ताह शुरू हो जाएगी। विवि प्रशासन एक-दो दिन में इसकी औपचारिकता पूरी कर सीट अलॉटमेंट जारी करेगा। हालांकि अभी भी सहयुक्त कॉलेजों के सवाल जस के तस बने हुए हैं।

**एक-दो दिन में जारी होगा सीट अलॉटमेंट**

विवि प्रशासन की ओर से पिछले दिनों पीएचडी नियमित व पार्टटाइम कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा व इंटरव्यू आदि का आयोजन किया गया था। अब सीट अलॉटमेंट जारी कर आगे की प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस सत्र में पहली बार विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के यूजी के शिक्षकों को भी पीएचडी कराने का मौका दिया गया है। हालांकि सीट व अन्य चीजों को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने सवाल उठाए थे। किंतु विवि प्रशासन ने इसका निस्तारण नहीं किया, न ही वेबसाइट पर सीटों की सूची दोबारा जारी की। पूर्व में विश्वविद्यालय की ओर से 1296 सीटें जारी की गई थीं लेकिन बाद में एक दूसरा प्रोफार्मा जारी कर सीटों से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय प्रशासन ने मांगी थी। जानकारी के अनुसार, सीटों में बदलाव किया गया है। कुछ विभागों से अभी भी सीटों का पूरा ब्योरा नहीं दिया गया है।

### एलएलएम-एलएलबी में भी सीटें खाली

लविवि में पीजी प्रवेश प्रक्रिया में तीसरे चरण का सीट एलॉटमेंट जारी कर प्रवेश लिया जा रहा है। किंतु एलएलबी, एलएलएम समेत पीजी के कई कोर्सों में अभी भी सीटें खाली हैं। माना जा रहा है कि प्रवेश प्रक्रिया के देरी होने और इसके बाद केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले शुरू होने की वजह से अभी सीटें खाली चल रही हैं।

### एलएलबी की कक्षाएं आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में दो चरणों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद 31 अक्तूबर सोमवार से कक्षाएं शुरू की जा रही हैं। डीन लॉ प्रो. बीडी सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार इसका विस्तृत टाइम टेबल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड व विभाग में चस्पा कर दिया गया है।

JAGRAN CITY PAGE III

## इसी सप्ताह शुरू होंगे पीएचडी दाखिले

**37** विषयों में फुल टाइम व पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए छह और सात सितंबर को हुई थी प्रवेश परीक्षा

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 के फुल टाइम और पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले इसी सप्ताह से शुरू हो जाएंगे। प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार की प्रक्रिया हो चुकी है। जल्द ही परिणाम जारी करने के बाद फीस जमा करने का मौका दिया जाएगा।



इस बार लवि विश्वविद्यालय ने डिग्री कालेजों के शिक्षकों को भी पीएचडी कराने का मौका दिया है। सत्र 2021-22 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा छह और सात सितंबर को हुई थी। उसके बाद अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर 10 से 22 अक्टूबर तक साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर अनित्य गौरव ने बताया कि पार्ट टाइम और फुल टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार हो चुके हैं। जल्द ही परिणाम जारी किए जाएंगे। सफल अभ्यर्थियों को फीस जमा करके प्रवेश लेना होगा।

**सीटों में होगा बदलाव :** सत्र 2021-22 के पीएचडी दाखिले के लिए करीब 1296 पदों का विषयवार विवरण जारी किया गया था। इनमें कालेजों की भी सीटें शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुछ विभागों की विभागीय शोध समिति की ओर से सीटों की सही संख्या नहीं भेजी गई थी। इसलिए उनसे फिर से सीटों का विवरण मंगवाया गया था। अब विवरण आ गया है। जल्द ही सीटों की विषयवार संख्या भी जारी की जाएगी, जिससे यह पता चल सकेगा कि किस विषय में कितनी सीटें तय हुई हैं।

### लवि : पीजी के कई विषयों में सीटें खाली

**जासं, लखनऊ :** डिग्री कालेजों के साथ-साथ लखनऊ विश्वविद्यालय में भी कई ऐसे विषय हैं जहां पूरी सीटें नहीं भर पाई हैं। विश्वविद्यालय की ओर से दो बार कटआफ और सीट आवंटन जारी करने के बाद भी सीटें खाली हैं। अब तीसरी बार मौका देते हुए एक नवंबर तक फीस जमा करने के लिए कहा है। राजधानी के डीएवी डिग्री कालेज, केकेवी, शिया पीजी कालेज, कालीचरण पीजी कालेज सहित अन्य में अभी सीटें खाली हैं। यहां सीधे प्रवेश का मौका दिया गया है। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी, एलएलएम, एमएससी कंप्यूटर साइंस, मास्टर इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, एमएससी गणित जैसे कई ऐसे कोर्स हैं, जिनमें सीटें नहीं भर पाई हैं। अब इनमें तीसरा सीट आवंटन करके प्रवेश का मौका दिया गया है।



### उपक्रम की टीम आज जाएगी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी

विश्वविद्यालयों एवं डिग्री कालेजों को राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर रैंकिंग हासिल करने एवं विश्व स्तरीय उच्च शिक्षण संस्थान बनाने के लिए स्थापित किए गए उप्र सेंटर फार रैंकिंग एंड एक्रीडिटेशन मेंटरशिप (उपक्रम) केंद्र की टीम तीन दिवसीय ट्रेनिंग वर्कशाप के लिए सोमवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जाएगी। इसमें उपक्रम की महानिदेशक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो. पूनम टंडन, प्रो. सत्येंद्र पाल सिंह, प्रो. संगीता साहू, अभिज्ञान मिश्रा सहित टीम के सभी सदस्य शामिल होंगे। महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि एक से तीन नवंबर तक होने वाली ट्रेनिंग वर्कशाप में ग्लोबल रैंकिंग, नेशनल इंटीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क, डेटा एनालिसिस सहित कई चीजों पर चर्चा की जाएगी ताकि हम उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग के लिए तैयार कर सकें।

AMRIT VICHAR PAGE 4

## छात्र-छात्राओं के लिए नौकरी पाने का अवसर

### इनफिनिटी फिनसर्व कंपनी के माध्यम से असिस्टेंट मैनेजर सेल्स के पदों पर नौकरी देने की तैयारी

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन छात्र व छात्राओं को नौकरी दिलाने की तैयारी कर चुका है। इस बार बड़े स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन करने जा रहा है। यह रोजगार मेला विवि परिसर में नवंबर व दिसंबर में लगेगा। इसमें पहले चरण में एमबीए व पत्रकारिता के छात्र व छात्राओं को नौकरी के मौके दिलाने की पहल की गई है। साथ ही अन्य विषयों के स्नातक, स्नातकोत्तर और प्रबंधन के छात्रों के लिए अलग-अलग प्रकार के मेले का आयोजन करने का भी दावा किया गया है। लविवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि रोजगार मेले के पहले चरण में एमबीए पास और पत्रकारिता पास छात्रों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने इनफिनिटी फिनसर्व कंपनी के माध्यम से असिस्टेंट मैनेजर सेल्स के पदों पर नौकरी देने की व्यवस्था की है।



**आयोजन**

- नवंबर व दिसंबर में लविवि में लगेगा रोजगार मेला

वहीं पत्रकारिता विषय के छात्रों के लिए एक न्यूज चैनल द्वारा 16 पदों का नौकरी का ऑफर दिया है। उन्होंने बताया कि सभी छात्रों को नोटिफिकेशन भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि लविवि के पत्रकारिता के छात्र व छात्राओं के साथ एमबीए के दोनों कैंपस से छात्र व छात्राएं शामिल हो सकते हैं।

**अब हर साल होगा रोजगार मेला:** प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन अब हर साल नवंबर से दिसंबर तक रोजगार मेले का आयोजन करेगा। यह रोजगार मेला विश्वविद्यालय के सभी विषय के छात्रों के लिए आयोजित होगा। इस बार पहले चरण में एमबीए के इनफिनिटी फिनसर्व कंपनी के माध्यम से असिस्टेंट मैनेजर सेल्स के पदों के साथ पत्रकारिता विषय के छात्रों के लिए एक न्यूज चैनल द्वारा 16 पदों का नौकरी का ऑफर दिया है।

### 15 छात्रों को मिली 60 लाख की स्कॉलरशिप

लखनऊ। सीएमएस महानगर के 15 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 60 लाख रुपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रुपये मिलेंगे। सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा दिए जाने के लिए दी गई है। सीएमएस संस्थापक शिक्षाविद् डॉ. जगदीश गांधी ने सीएमएस के इन होनहार छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।